The other student: It means that these (*videshis* of India) and those (foreigners abroad) will reveal [the Father] on their time.
Baba: Yes.
Student: Baba it is said in a CD that from the foreign of India, the Indians…
Baba: Will the *swadeshis* be revealed soon?
Student: They, the *swadeshis* themselves will reveal the Father.
Baba: Will the *swadeshis* reveal Him? The *videshis* will not reveal Him? Has this been said anywhere? Someone has started teaching a new knowledge to *mataji*. (Someone said: When the *swadeshis* come, the revelation will take place faster.) Yes, do the ignorant people of India accept the inventions, discoveries of the foreign countries sooner or do they accept the inventions of the Indians sooner? They accept the inventions of the foreigners [soon]. It has become their *tendency*. A prophet is seldom honoured in his own land. The chicken cooked at home is like a curry of pulses. Delhi will *receive* the sound when it comes from the foreign countries. When the sound emerges in India, they won't accept it.

समय: 34.49-45.32

बाबा:- एक प्रश्न आया है जो शारीरिक मेहनती तबक्का है, चाहे भारत में हो और विदेश में हो, शारीरिक मेहनती बहुत हैं। मेहनतकश हैं और बहुत मेहनत करते हैं, वो कौन हैं? भारत के किसान। कौन? भारत के किसान। ऐसे मजदूर वर्ग भी है। लेकिन मजदूरों से भी जास्ती मेहनत करने वाले कौन हैं? भारत के किसान और ज्यादा घाटे में कौन हैं? भारत के किसान ही ज्यादा घाटे में हैं। आज कहीं बड़े-बड़े ऑफिस में चले जाओ, कोई बड़े-बड़े कल-करखानों में चले जाओ, कहीं भी जाकरके देखो, जो ज्यादा मेहनत करने वाले होंगे वो घाटे में रहते हैं या फायदे में रहते हैं? (सभी ने कहा-घाटे में।) उनसे और ज्यादा काम लिया जाता है। जो गुण्डे बन करके रहते हैं, मेहनत कुछ नहीं करते और ही दूसरे के उपर अधिकार जमाते रहते हैं वो फायदे में रहते हैं। ऐसी हालत आज के भारत के किसानों की है। बहुत मेहनत करते हैं। लेकिन किसानों के उपर कर्जा चढ़ता ही चला जाता है। (कोई ने कहा- सरकार तो माफ कर रहा है ना अभी।) सबका माफ होता है क्या? कि जिनकी चालू हालत है, जो चालू हैं उन्हीं का माफ होता है?

Time: 34.49-45.32
Baba: A question has been asked. The physically hardworking section, whether it is in India or abroad, they work very hard through their body. They are hard working people and they work very hard; who are they? The farmers of India. Who? The farmers of India. In a way there is the labourer class as well. But who works harder than the labourers? The farmers of India. And who suffers more loss? The farmers of India themselves suffer more loss. Nowadays you may go to any big *office*, any big factory, you may go anywhere and see, do those who work hard suffer loss or do they reap benefits? (Everyone said: They suffer loss.) They are made to work even more. Those who act like bullies (*gunde*), who do not make any effort and keep dominating others, they reap benefits. This is the condition of today's farmers of India. They work very hardbut keep on accumulating debts. (Someone said: The Government is exempting [them] from the loan, isn't it?) Is it exempted in case of everyone? Or is it exempted only in case of those in a good working order?

किसान की स्थिति भारतवर्ष में गिरती जा रही है या उठती जा रही है? भारत में 70 परसेन्ट किसान हैं वो 70 परसेन्ट किसान साहूकार बनते जा रहे हैं या और ही गरीबी की रेखा से नीचे होते जा रहे हैं? किसान ज्यादा भुखमरी से मर रहे हैं या दूसरे वर्ग वाले ज्यादा भूखमरी से मर रहे हैं? (किसीने कहा - किसान।) तो प्रश्न है किसान सबसे जास्ती मेहनत करते हैं। तो बेहद के अर्थ में किसान कौन हैं? (किसी ने कहा- प्रेक्टिकल पार्टी।) नहीं, प्रेक्टिकल पार्टी तो है, प्रेक्टिकल पार्टी में क्या शारीरीक मेहनत करने वाले नहीं हैं क्या? कौन हैं? (किसी ने कुछ कहा।) कया? चन्द्रवंशी?

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

वो शारीरीक मेहनत ज्यादा करते हैं? ज्ञान सुनाने की मेहनत नहीं करते? (किसी ने कहा- करते हैं, फिर भी दूसरे धर्मों से दबाया जा रहा है।) हाँ, जो बेसिक में हैं, वहां से भी दबाये जा रहे हैं और एडवांस ज्ञान तो वो पकड़ते ही नहीं। उन किसानों की बात छोड़ दो वो भी हद में हैं या बेहद में? बेसिक वाले जो किसान हैं उनको हद के किसान कहेंगे या बेहद के किसान कहेंगे? (किसीने कहा - बेहद के।) बेहद के कहेंगे? उन्हें बेहद का ज्ञान है? (कोई ने कहा - दुनिया के हिसाब से...) हाँ, दुनियां के हिसाब से और यहाँ ब्राह्मणों के दुनिया के हिसाब से?

Is the condition of the farmers in the India deteriorating or is it rising? 70 *percent* of the Indian population is farmers. Are those 70 percent farmers becoming prosperous or are they going below the poverty line? Are the farmers dying of starvation or are the people of the other sections dying of starvation more? (Someone said: The farmers.) So, the question is that the farmers work hard the most. So, who are the farmers in the unlimited? ☺ (Someone said: Practical party.) No, the *practical party* is certainly there; are there not people who work hard physically in the *practical party*? Who are they? (Someone said something.) What? The *Chandravanshis*? Do they work hard physically more? Don't they make the efforts to narrate knowledge? (Student: They make, even then they are being supressed by the other religions, aren't they?) Yes, those are in the *basic* [knowledge] are also suppressing them. And they do not grasp the *advance* knowledge at all. Leave the topic of those farmers. Are they also in the limited [farmers] or in the unlimited [farmers]? Will the farmers in the *basic* knowledge be called the limited farmers or the unlimited farmers? (Someone said: The unlimited farmers.) Will they be called the unlimited [farmers]? Do they have the unlimited knowledge? (Someone said: From the point of view of the world...) Yes, from the point of view of the world and what about the point of view of the Brahmin world here?

जो बेहद के किसान हैं उनकी भी यही हालत है। कर्मणा सेवा बहुत करते हैं लेकिन कर्मणा सेवा का जो उजूरा मिलना चाहिए, वो उजूरा उनको प्राप्त नहीं होता है। जो मजदूर तबक्का है उनमें कन्ट्रोलर भी बैठे हुए हैं। लेकिन किसानों में कोई के उपर कन्ट्रोल करने की टेडेन्सी नहीं है। अपनी मेहनत करते हैं, अपना कमाते हैं, और कर्ज के ऊपर कर्ज चढ़ाते चले जाते हैं। उनको न ज्ञान का पेय उतना मिलता है और न याद का भोजन उतना मिलता है । वो कौन सा तबक्का है? अच्छा, ब्राह्मणों में अधर कुमार भी हैं, कुमार भी, कुमारीयाँ भी हैं, अधर कुमारियाँ भी हैं। सबसे जास्ती मान मर्तबा लेने वाला ग्रुप कौन सा है? चारों में? कुमारियाँ। ईश्वर के तरफ से भी उनको बहुत प्रिफरेन्स मिलता है और जो ब्राह्मण परिवार है वो भी उनको बहुत रिगार्ड देता है। लेकिन जो निकलने वाले जिज्ञासु हैं जिनको बाबा ने कहा है सार, मक्खन वो कुमारियों के द्वारा ज्यादा निकल रहे हैं या अधर कुमारियों के द्वारा ज्यादा निकलते हैं?

The unlimited farmers are also facing the same condition. They do a lot of physical service, but they do not receive the returns (*ujuraa*) for the physical service that they should receive. There are controllers sitting even among the labourers class. But there is no *tendency* of controlling someone among the farmers. They make their own efforts; they earn their own income and they go on accumulating debts. They neither get much water of knowledge nor much food of remembrance. Which is that section? *Acchaa!* There are *adharkumaars* (men who are married and lead a pure life), *kumaars* (bachelors), *kumaaris* (virgins) as well as *adharkumaaris* (women who are married and lead a pure life) among the Brahmins. Which *group* receives the maximum respect and honour among all the four? The *kumaaris*. They receive a lot of *prefercence* from God. And the Brahmin family also gives a lot of *regard* to them. But the students who emerge [in knowledge], for whom Baba has said that they are the essence, the butter, are they emerging through the *kumaaris* or through the *adharkumaaris* more?

(किसीने कहा - कुमारियों के द्वारा।) हे! मुरली में रिजल्ट दे दिया है। अन्दर वाले रह जावेंगे और बाहर वाले ले जावेंगे। और भी बोला हुआ है माताएं कृष्ण के मुख में मक्खन देती हैं। ये बोला अधर कुमार देते हैं? अधर कुमार अगर करेंगे भी मक्खन निकालने की सेवा, सेवाधारी बच्चे निकालेंगे भी वारिसदार तो उनको अपने कन्ट्रोल में करने की ज्यादा हुज्जत रहती है क्योंकि स्वभाव से ही

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

दुर्योधन हैं। या तो कुमारियों, की माताओं की सेवा करेंगे तो उनको अपने प्रभाव में लेने की ज्यादा हुज्जत करेंगे कि हमारे कन्ट्रोल में बनी रहें। तो सबसे ज्यादा घाटे में चारो में से कौन हैं? अरे! अधरकुमार? अधरकुमारों को तो अपनी गृहस्थी का चक्कर लगा रहता है। वो ज्ञान की खेती ज्यादा कर पाते हैं या उनके मुकाबले कुमार ज्यादा स्वतंत्र हैं? कुमार ज्यादा स्वतंत्र हैं। लेकिन उनको प्रिफरेंन्स कुछ भी नहीं मिलता। ऐसे भी नहीं उनको सरेण्डर करके समझा जाए। क्या? बाबा उनको क्या कहते हैं? अपन को सरेण्डर खुद समझो। सरेण्डर माने नहीं जायेंगे। क्योंकि खग्गा मछली का पार्ट बजाने वाले हैं। आज बड़े तेजी से तैर रहे हैं ज्ञान के तेल में लेकिन कब उखड़ करके बाहर गिर पड़ें ये पता ही नहीं चलता।

(Someone said: Through the *kumaaris*.) No. The *result* has been given in the murli: The insiders will lag behind and the outsiders will take away [the inheritance]. It has also been said that the mothers put the butter in Krishna's mouth. ☺ Has it been said that the *adharkumaars* put it? Even if the *adharkumaars* do the service of taking out the butter, even if they bring [the serviceable heir children in knowledge], they attempt to bring them under their *control* because they are Duryodhans[8] by nature. If they serve the virgins or mothers, they will attempt more to bring them under their influence [they think] they should remain under our *control*. So, who suffers the maximum loss from among the four [groups]? *Arey! Adharkumaars*? *Adharkumaars* are worried about their household. Are they able to plough the fields of knowledge more or are the *kumaars* more independent when compared to them? *Kumaars* are more independent. But they do not get any *preference* at all. It is not that they are considered to be surrendered either. What? What does Baba tell them? Consider yourself to be surrendered. They will not be considered to be surrendered because they play the *part* of a *khaggaa* fish[9]. They swim very swiftly today in the oil of knowledge. But one cannot know when they will fall out of it.

तो सेवा शारीरीक मेहनत सबसे जास्ती कुमार कर रहे हैं। ज्ञान की भी करते हैं, ज्ञान की खेती भी करते हैं, लेकिन प्रिफरेन्स उनको कुछ भी प्राप्त नहीं हो पाता। इसलिये रिजल्ट क्या होता है? कुमारियाँ परसेन्टेज में ज्यादा जिन्दा हैं ज्ञान में। अधर कुमारियाँ भी ज्यादा जिन्दा हैं, भले बन्धन में हैं, अधर कुमार भी ज्यादा जिन्दा रहते हैं, लेकिन सबसे ज्यादा माया मौत किनकी लाती है? कुमारों की। और दुनिया में भी सबसे जास्ती मरते कौन हैं? किसान मरते हैं न, जो ज्यादा शारीरीक मेहनत करने वाले हैं। वो ही मर रहे हैं। भुखमरी से भी मर रहे हैं। और अभी तो अकाल पड़ने वाला है। क्या होगा अकाल में? एक बूंद पानी का भी नहीं मिलेगा। माया ऐसी हालत बनाय देगी। एक-एक अन्न का दाना के लिए लोग तरसेंगे। नोटों की गड्डियाँ काम नहीं आवेंगी।

So, it is the *kumaars* who are doing the maximum service and physical hard work. They serve through knowledge as well, they do the farming of knowledge as well, but they do not receive any *preference*. This is why what is the *result*? *Kumaaris* are alive in knolwedge in a greater percentage. Many *adharkumaaris* are also alive although they are in bondage; many *adharkumaars* also remain alive, but whom does Maya kill the most? The *kumaars.* And who die the most in the world? The farmers die, don't they? They do more physical hard work. It is they who are dying. They are dying of starvation as well; and there is going to be a drought now. What will happen in the drought? You will not get even a drop of water. Maya will make your situation like this. People will long for a single grain of food. Bundles of notes will be of no use.

समय: 45.36-50.35

जिज्ञासु:- युगादि का बेहद में क्या अर्थ है?

बाबा:- नया युग आदि होता है, तो नये युग का नाम क्या है? नये युग का नाम क्या है? सतयुग। और सतयुग की आदि सन् 36 से मानी जाए या उससे पहले ही तारीख शुरु हो जाती है? (किसी ने कहा- 18 से शुरू हो जाती है।) हाँ, पहले से ही नई तवारीख शुरु हो जाएगी नई दुनिया की। यानि

[8] A villainous character in the epic Mahabharata
[9] Name of a fish

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

पहले ही नई दुनिया का फाउन्डेशन और उद्घाटन हो जाता है। उसकी यादगार में हम क्या मनाते हैं? पहला महीना का नाम क्या है? चैत्र मास। तो हमारा ये भी युगादि है। चेत जाओ। चैत्र मास में क्या हो जाओ? चेत जाओ। चैतन्य आत्मा बन जाओ। मुर्दापन खत्म हो जाये।

Time: 45.36-50.35
Student: What is the unlimited meaning of *yugaadi*?
Baba: What is the name of the new age that begins? What is the name of the new age? The Golden Age (*Satyug*). And should the beginning of the Golden Age be considered from the year 1936 or does the date begin even before that? (Someone said: It begins from 18.) Yes. The new date of the new world will begin already before. It means that the [laying of the] *foundation* for the new world and its inauguration takes before itself. What do we celebrate in its memorial? What is the name of the first month? The month of *Caitra*. So, this is also the beginning of our age (*yugaadi*). Become conscious (*cet jaao*). What should you become in the month of *Caitra*? Become conscious. Become a living soul (*caitanya aatmaa*). The corpse like nature (*murdaapan*) should end.

जिज्ञासु:-गुड़ और नीम का पत्ता उसका बेहद का अर्थ क्या है?
बाबा:- गुड़ और नीम का पत्ता, क्या मतलब? क्या करते हैं उसका? गुड़ और नीम को क्या करते हैं? युगादि में नीम का पत्ता कड़ुआ और गुड़, माने मीठा...। (किसीने कहा- इमली) और खट्टा। खट्टा भी, मीठा भी और कड़ुआ भी। मुँह खट्टा कर दिया, मुँह मीठा कर दिया। वाह भाई! कहते हैं न। और कड़ुआ मुँह हो जाता है कड़ुई चीज खाने से। तो कैसे मुँह करते हैं?

Student: What is the unlimited meaning of jaggery (*gur*) and neem leaves?
Baba: Yes, what is meant by jaggery and neem leaves? What is done with it? What is done to jaggery and neem? In *yugaadi*... the neem leaves [means] bitter and jaggery means sweet … (Someone said: Tamarind.) …and sour. There is sourness, sweetness as well as bitterness. People say "you have made the mouth sour; you have made the mouth sweet, wow, brother!" (Baba is showing with facial expressions), don't they? ☺And how do they make their face when the mouth becomes bitter, when they eat a bitter thing?

तो ये तीन प्रकार के बच्चे भी हैं। तीन प्रकार के रंग देने वाले है दुनिया में, कोई खट्टा मुँह कर देंगे। कोई ऐसे पुरुषार्थी भी हैं जो मीठा मुँह करेंगे। क्या? कोई कड़ुआ मुंह करेंगे, कोई मीठा मुँह करेंगे, कोई खट्टा मुँह कर देंगे। अच्छे बच्चे कौन से हुए? जो मीठा मुँह करें। तो तीन प्रकार के हैं। हमारी ब्राह्मणों के दुनिया में ही होंगे या बाहर होंगे? ब्राह्मणों के दुनियां में ही होंगे। कौन-2? (कोई ने कहा- सूर्यवंशी, चन्द्रवंशी।) सूर्यवंशी, चन्द्रवंशी और? (किसी ने कहा- इस्लाम।) नहीं इस्लाम वंशी कैसे? (कोई ने कहा- सूर्यवंशी, चन्द्रवंशी मीठा बनाने वाले हैं।) सूर्यवंशी मीठा बनाने वाले हैं? (कोई ने कहा- अन्त में तो रिजल्ट होगा ।) नहीं।

So, there are three kinds of children as well. They give three kinds of colours to the world; some will make your mouth sour; some are such *purushaarthi* who will make the mouth sweet. What? Some will make the mouth bitter; some will make the mouth sweet and some will make the mouth sour. Who are the nice children? The ones who make the mouth sweet. So, there are three kinds [of children]. Will they be in our Brahmin world itself or will they be outside? They will be in the Brahmin world itself. Who all [are they]? (Someone said: *Suryavanshi*[10], *Chandravanshi*[11]) *Suryavanshi, Chandravanshi* and...? (Someone said: *Islamvanshis*[12].) No. How are they the *Islamvanshis*? (Student: *Suryavanshis*, *Chandravanshis* make the mouth sweet.) Are the *Suryavanshis* the ones who make [the mouth] sweet? (Student: The result will be [good] in the end, won't it?) No.

[10] Those belonging to the Sun dynasty
[11] Those belonging to the Moon dynasty
[12] Those belonging to the Islam dynasty

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

तीन पार्टियाँ हैं एडवांस पार्टी में। एक प्रैक्टिकल पार्टी मुख मीठा कर देगी। क्या? प्योरिटी में मिठास होता है या इम्प्योरिटी में मिठास होता है? प्योरिटी में मिठास होगा। मीठा मुंह करेंगे। एक है असल फर्रख्खाबादी। कैसा मुंह कर देंगे? कड़वी दवाई है। कड़ुआ मुंह कर देंगे। ऐसे पेड़ों में सबसे ज्यादा अच्छा वायब्रेशन बनाने वाला कौन सा पेड़ है? नीम। हैं तो अच्छाई के लिये लेकिन जब उनको चबाया जाता है तो कैसे लगते हैं? बहुत कड़वे लगते हैं। हैं गुणदायी। ऊपर से कड़ुए और अन्दर से फायदेमन्द। सबसे जास्ती फायदेमन्द। और एक हैं मुंह खट्टा कर देंगे। ऐसी-2 परिक्षायें लेने के निमित्त बनेंगे कि सारा संगमयुग का पुरुषार्थ बेकार नज़र आयेगा।

There are three parties in the *advance party*; one is the *practical party* that will make the mouth sweet. What? Does *purity* have sweetness or does *impurity* have sweetness? There will be sweetness in *purity*. They will make the mouth sweet. One kind [of people] are the true *Farrukhabadi* (residents of Farrukhabad). How will they make the mouth? It is a bitter medicine. They will make the mouth bitter. As such, which tree among the trees creates the best atmosphere? The neem [tree]. It is for goodness. But when it is chewed, how does it taste? It tastes very bitter. It is beneficial. They are bitter outwardly, but beneficial inside. They are the most beneficial ones. And the other kind [of people] is such that they will make the mouth sour. They will become instruments to test us in such ways that the entire *purushaarth* of the Confluence Age will appear to be a waste.

समय: 50.42-52.30

जिज्ञासु:- बाबा, अमृतवेले में बाबा को याद करना हो तो इमर्ज करके याद करना चाहिए, मिनी मधुबनों में याद करना चाहिए या कम्पिल में याद करना चाहिए, कौन सा अच्छा है बाबा?

बाबा:- एक बात और रह गई, सम्मुख बैठ करके अमृतवेले याद किया जाय सो ज्यादा अच्छा या कम्पिल में याद किया जाय या दूसरे मधुबन में याद किया जाए या घर में बैठ करके अमृतवेले इमर्ज करके याद किया जाए वो अच्छा? आपने बढ़िया ते बढ़िया क्यों छोड़ दिया? (जिज्ञासु-सन्मुख हमेशा नहीं मिलता है ना।) दुनिया में अप्राप्त कौन सी वस्तु है? ब्राह्मणों के खजाने में ऐसी कोई चीज नहीं है जो अप्राप्त हो।

Time: 50.42-52.30

Student: Baba, when we remember Baba at *amritvela*[13], should we bring Him [in front of us] and remember, should we remember Him at the *minimadhubans* or in Kampil? Which one is better, Baba?

Baba: One more topic was left; Is it better to remember Him sitting face to face at *amritvela* or is it better if you remember Him at Kampil , at other Madhubans or bring [Him] in front of you at *amritvela* sitting at home? Why did you leave the best option? (Student: We don't find Him face to face always, do we?) Which is the thing that is unachievable in the world? There is nothing that is unachievable in the treasury of the Brahmins.

दूसरा जिज्ञासु:- बसप्पा भाई को साथ में टूर लगाना है।

बाबा:-अच्छा-2 । हाँ जी । टूर भी थोड़े दिन का होता है या सदा काल का होता है? (जिज्ञासु - थोड़े दिन का।) तो फिर? चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात। आखरी ट्रेन चलेगी और उस आखरी ट्रेन चलते समय जिनको ट्रंक काल आवेगा और बाप के पास पहुँच जावेंगे वो स्टेज तो सदाकाल के लिए ऊँची स्टेज हो जावेगी।

Another student: Brother Basappa wants go on tour with [Baba].

Baba: *Acchaa, Acchaa*. ☺ Yes. Does the *tour* also last for a few days or forever? (Student: For a few days.) So? It is moonlight for four days and then a dark night again. The last *train* will start; those who get a *trunk call* (telegram) when the last train starts and will come to the Father, that *stage* will become the high *stage* forever.

[13] Early morning hours before sunrise.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

समय: 52.38-53.03

जिज्ञासु:- बाबा, माउंन्ट आबू में घर बनाना बहुत फायदा है न अभी?

बाबा:- हाँ, लो! जहां भगवान आकरके पढ़ाई पढ़ाता हो वो भगवान का जो घर है वो ऊँची स्टेज वाला नहीं है? तो वहाँ रहने वालों की ऊँची स्टेज नहीं बनेगी? बनेगी।

Time: 52.38-53.03
Student: Baba, it is very beneficial to build a house at Mount Abu now, isn't it?
Baba: Yes, *lo*! The place where God comes and teaches, God's house in a high *stage*? So, will those who live there not achieve a high *stage*? They will achieve.

समय: 53.25-56.01

जिज्ञासु:- बाबा, भक्तिमार्ग में कहते हैं मनमथ आकरके शंकर की तपस्या बन्द कर देता है। इसका बेहद में अर्थ क्या है?

बाबा:- मनमथ, मनमथ माने काम देव। कामदेव आकरके शंकर की परीक्षा लेता है। परीक्षा तो सबकी होती है। अकेले शंकर की होती है क्या? नहीं। परीक्षा तो काम देव सबकी लेता है। लेकिन विशेष बात क्या है? जो सबमें नहीं होती है एक शंकर में होती है? क्या होती है? परीक्षा तो सबकी हो भले लेकिन परीक्षा का रिजल्ट काम देव भस्म हो जाय। जल भुन के राख हो जाए। क्या? ऐसा कर्म करे जो काम देव जल करके, भुन करके राख हो जाए, भस्म हो जाए। राख, कुछ भी न कर सके। ऐसी स्टेज बनाय लेना।

Time: 53.25-56.01
Student: Baba, it is said in the path of *bhakti* that Shankar's *tapasya* was stopped by Manmath. What is its unlimited meaning?
Baba: Mammath. Manmath means the deity of lust (*kaamdev*); Kaamdev comes and tests Shankar; everyone is certainly tested. Is it Shankar alone? No. Kaamdev tests everyone. But what is the specialty that is not present in everyone but in Shankar alone? What is it? Everyone undergoes the test, but the *result* of the test should be that Kaamdev is reduced to ashes. He should be burnt to ashes. What? He should perform such actions that Kaamdev is burnt to ashes. Ash. He should not be able to do anything. He should achieve such a *stage*.

दूसरा जिज्ञासु:- फिर भी अन्त में कहा जाता है रति माँग लेते हैं शंकर से। रति पति के लिये फिर मांग करती हैं।

बाबा:-तो काई मांगता है तो उसे देना चाहिए कि नहीं देना चाहिए? अरे! कोई भिखमंगा है भगवान के सामने जा करके भीख मांगता है तो उसे कुछ न कुछ देना चाहिए या नहीं देना चाहिए? देना चहिए। तो उसे भी मिल जाता है। होई है काम अनंग। क्या? चलो हमने जिंदा कर दिया। (जिज्ञासु- द्वापर के बाद।) हाँ, नई दुनिया में होगा लेकिन अंग नहीं होगा। काम विकार की मार करने वाला वहां अंग काम ही नहीं करेगा। काम विकार होगा नहीं तो सतयुग में बच्चे पैदा होंगे कि नहीं होगें? होंगे। कैसे होंगे? अनंग स्टेज होगी।

Another student: However it is said in the end that Rati takes him back from Shankar. Rati requests for her husband [to be brought back to life].
Baba: If someone asks [for something], then should he be given that or not? *Arey!* If a beggar seeks alms from God, then should he be given something or not? He should be given [something]. So, she gets it, too. Lust becomes bodiless (*Kaam anang*). What? [Shankar says:] Alright, I brought him back to life. (Student: After the Copper Age...) Yes, he will be present in the new world; but the organ will not be present. The organ that causes the attack of lust will not at all work there. The vice of lust will be there. Otherwise, will children be born in the Golden Age or not? They will be born. How will they be born? The *stage* will be [like the one] without a body.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

समय: 56.16-01.02.42

बाबा:- एक प्रश्न आया है- सदैव निश्चय बुद्धि होने के लिए क्या करें?

उत्तर:- (किसी ने कहा- बाप की याद।) लेकिन याद भी कौन करेगा? हो अनिश्चय बुद्धि, घड़ी-2 उसको बाप के पार्ट के उपर अनिश्चय आता हो, ऐसा कैसा बाप हो सकता है। बाप भी ऐसा होता है क्या? तो याद करेगा या बुद्धि दूर भगेगी? वो तो बुद्धि दूर भाग जायेगी। याद में भी विजयी कौन होगा? जो निश्चय बुद्धि होगा वही विजयी होगा। तो निश्चयबुद्धि कैसे हुआ जाय? क्या करें जो निश्चय बुद्धि हो जाए? (कोई ने कहा- मुरलीधर से प्यार माना मुरली से प्यार।) हाँ। नहीं, प्यार भी तो उसी से होता है जिसके गुण बुद्धि में बैठें। और जिसके अवगुण बुद्धि में बैठेंगे उससे प्यार पैदा होगा? नहीं होगा। तो निश्चय बुद्धि कैसे बने सवाल ये है।

Time: 56.16-01.02.42

Baba: A question has been asked. What should we do in order to have faith forever?

Answer: (Someone said: Remember the Father.) But who will remember as well? If someone is the one with a doubting intellect; if he has doubt regarding the Father's *part* every moment [and thinks:] how can this person be the Father? Is even the Father like this? So, will he remember [the Father] or will his intellect run far away from Him? The intellect itself will run far away. Who will be victorious in remembrance as well? The one who has a faithful intellect, only he will become victorious. So, how should we become the one with a faithful intellect? What should we do to have a faithful intellect? (Someone said: Love for the Murlidhar[14], means love for the murli.) Yes. No, the one whose virtues sit in the intellect will be loved. And will love emerge for the one whose bad traits sit in the intellect? It won't. So, the question is how to have a faithful intellect?

जिज्ञासु:- बाबा के मुरली में तो अवगुण नहीं होंगे । मुरली से प्यार माना मुरलीधर से प्यार।

बाबा:- मुरली किसे कहते हैं? (जिज्ञासु-बाबा की बात, श्रीमत।) अरे! बाबा को नहीं पहचाना तो मुरली कैसे? कागज की मुरली को मुरली कहें? (जिज्ञासु-कागज़ की हो या सी.डी हो...) अच्छा! कागज की हो तो भी चलेगा? (किसी ने कहा- वो भी थर्ड क्लास मुरली कहा जायेगा।) तो थर्ड क्लास मुरली अगर बी.के. लोग पढ़ते हैं उनका प्यार हो जाय कागज की मुरली से तो काम चल जायेगा? (किसीने कहा- कागज की मुरली से प्यार नहीं चलेगा।) तो फिर? बात खत्म हो गई। मुरली से प्यार माना मुरलीधर से प्यार। और मुरली भी फर्स्ट क्लास चाहिए। क्या? थर्ड क्लास और सेकेण्ड क्लास नहीं। फर्स्ट क्लास मुरली कौन सी है? जो सन्मुख मुख के सामने प्रेक्टिकल साकार में आकरके बाप सुनावे। तो साकार में बाप सुनाय रहा हो उस बाप के उपर पहचान होनी चहिए कि नहीं? (सभी ने कहा-होनी चाहिये।) तो मुख्य बात है पहचान। क्या? ऐसी पक्की पहचान जो दुनिया में कोई हमको डिगा न सके। पक्का निश्चय बुद्धि। जितनी गहरी पहचान होगी उतना जास्ती निश्चय बुद्धि होगा।

Student: There won't be bad traits in Baba's murli. Love for the murli means love for the Murlidhar.

Baba: What is meant by murli? (Student: Whatever Baba says, the shrimat.) *Arey*! How will you [recognize] the murli if you haven't recognized Baba himself? Should the murli printed on a paper be called the murli? (Student: Whether it is the paper murli, CD…) *Acchaa!* Is it ok even if it is a paper murli? (Someone said: That will still be called a third class murli.) So, if the BKs read that *third class* murli, if they develop love for the paper murli, then will it do? (Student: Love for the paper murli won't do.) So, the topic ends there. Love for the murli means love for the Murlidhar. And the murli should also be *first class*. What? It should not be the *third class* and *second class* [murli]. Which is the *first class* murli? [It is] the one which the Father narrates face to face, in practice, in a corporeal form when He comes. So, should you recognize the Father who is narrating [the murli] in a corporeal form or not? (Everyone said: We should.) So, the main topic is recognition.What? There should be such firm recognition that nobody in the world

[14] The one who narrates the murli

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

should be able to shake us. [We should have] a firm faithful intellect. The deeper the recognition you have, you will be the one with a faithful intellect to that extent.

तो मूल बात किस बात के ऊपर आयी? ज्ञान का फाउन्डेशन पक्का हो। जितना जिसका ज्ञान का फाउन्डेशन पक्का होगा, खुद समझने वाला होगा और दूसरों को भी समझाने वाला होगा। समझने वाले की निशानी क्या? वो दूसरों को जरुर समझायेगा। जो भी सामने आवेगा उसे कनविन्स करेगा। तो अगर बहुतों को कनविन्स करता है तो इससे साबित होता है खुद भी निश्चय बुद्धि है या नहीं है? है। तो विजयते की लिस्ट में आयेगा। माना ज्ञान का दर्पण बहुत पावरफुल होना चाहिए। और ज्ञान का दर्पण, जो मन बुद्धि है वो पावरफुल, निर्मल कैसे बनेगा? जितना अर्पणमय होंगे अर्पण माने क्या-2 अर्पण? तन भी पूरा अर्पण, ऐसे नहीं नाक दे दी, कान दे दिया, और अंगों को छुपा के रख लिया। तो पूरा अर्पणमय हुआ या नहीं हुआ? नहीं हुआ। पूरा ही अर्पणमय। तन भी पूरा अर्पण, धन भी पूरा अर्पण, ऐसे नहीं करोड़ों रुपया दे दिया और बैंक बैलेन्स में थोड़ा सा, खाने पीने के लिए थोड़ा तो रखें, अकाल पड़ने वाला है, महंगाई बढ़ने वाली है। तो सम्पूर्ण समर्पण कहेंगे? नहीं।

So, what is the main topic? The *foundation* of knowledge should be firm. The more someone's *foundation* of knowledge will be firm, if he himself understands [the knowledge] and explains it to the others; what is the indication of the one who understands? He will definitely explain it to the others. He will *convince* whoever comes in front of him. So, if he *convinces* many, then it proves that he himself has a faithful intellect or not? He has. Then, he will be included in the *list* of the victorious ones. It means that the mirror of knowledge should be very *powerful*. And how will the mirror of knowledge, the mind and intellect become *powerful*, pure? The more you are surrendered (*arpanmay*); what is meant by *arpan* (surrendering)? What is to be surrendered? The body should also be surrendered completely; it shouldn't be the case that you surrendered your nose, your ears and hid the other parts of the body. So, did you surrender yourself completely or not? You didn't. You should surrender [yourself] completely. The body as well as wealth should be surrendered completely. It shouldn't be like this that you give away millions of rupees and [kept] a little *bank balance* [thinking:] let me keep at least a little *bank balance* for eating and drinking; drought is going to start, prices are going to rise; so, will that be called surrendering [yourself] complete ? No.

तो जितना अर्पणमय, उतना दर्पण पावरफुल बनेगा। इसके लिये बेसिक में भी फिकरा बनाया हुआ है क्या? भूल गए? जहां हमारा तन होगा वहां हमारा मन होगा। तन की सेवा जहाँ कहीं लगायेंगे, कारखाने में लगायेंगे तो कारखाना ही याद आयेगा। कपड़े की दुकान में काम करेंगे तो रात में सोते-सोते भी कपड़े फाड़ेंगे। ये नियम है। जहाँ हमारा तन होगा वहां हमारा मन होगा। और जहां हमारा धन होगा सारी जिन्दगी की कमाई या बापदादे से मिला हुआ धन किसी करखाने में हमने झोंक दिया तो बुद्धि कहां जायेगी? कारखाने में ही जायेगी। भगवान की याद में बुद्धि नहीं जायेगी। अगर ईश्वरीय सेवा में लगावेंगे तो ईश्वरीय सेवा में जावेगी। ईश्वर याद आवेगा। ये नियम है जितना अर्पणमय उतना दर्पण पावरफुल बनेगा।

So, the more someone is surrendered, the more the mirror will become *powerful*. For this a proverb has been coined in the *basic* [knowledge] as well. What? Did you forget it? Our mind shall be wherever our body is. Wherever you invest the service of your body, if you invest it in a factory, then only the factory will come to the mind. If you work in a cloth shop, then you will tear clothes even while sleeping in the night. This is the rule. Our mind will be wherever our body is. And wherever we keep our wealth… the lifelong earnings or the wealth received from the father or grandfather in a factory, then what will the intellect think of? It will think of the factory itself. The intellect will not go towards God's remembrance, if we use it in God's service, then it will be busy in God's service. We will remember God. This is the rule. The more someone is surrender, the more the mirror will become *powerful*.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

समय: 01.02.45-01.06.02

बाबा:- तीसरा प्रश्न आया है कुश्या का अर्थ क्या है?

उत्तर:- आज एक शब्द आया है मुरली में कुश्या । क्या? कुश्या माना जिनको बहुत कोसा जाये। कोसना माने गालियाँ देना। इस दुनिया में सबसे जास्ती गाली कौन खाता है? शिवबाबा। तो जितना बड़ा कुश्या बनेगा उतना बड़ा प्राप्ति करने वाला भी बनेगा। क्या? अगर लोक लाज में दबा रहेगा। अरे, क्या लोग कहेंगे, भई हम नहीं, हम नहीं ऐसा करेंगे। तो लोक लाज में जो दबा रहने वाला है वो कुश्या की लिस्ट में आवेगा? नहीं आवेगा। तो प्राप्ति भी नहीं करेगा। लोक लाज बाहर की दुनिया की भी होती है लोक लाज ब्राह्मणों की दुनिया में भी होती है। ब्राह्मणों की दुनिया का जो लोक है, जो संसार है, जो ब्राह्मणों की दुनिया का संसार है, जो वर्तमान अभी ब्राह्मणों की दुनिया का संसार है, वो भस्म होने वाला है या रह जायेगा? वो भी भस्म होने वाला है। कितने बचेंगे? आठ ही बचेंगे। तो बुद्धि में आना चाहिए की आठ हमारी महिमा करेंगे या ग्लानी करेंगे? अगर हम ऐसा कर्म करें जो आठ के द्वारा हमारी महिमा हो जाये, तो हम नई दुनिया के मालिक बनेंगे।

Time: 01.02.45-01.06.02
Baba: Another question has been asked: What is meant by *kushyaa*?
Answer: Today a word has been mentioned in the murli: *kushyaa*. What? *Kushyaa* means the one who is cursed a lot. To curse means to abuse. Who faces the maximum insults in this world? Shivbaba. So, the bigger *kushyaa* someone becomes the greater attainments he will achieve. What? ☺ If he is suppressed under public honour (*lok-laaj*) [thinking:] *Arey*, what will the people say? I will not do this. So, will the one who remains suppressed under [the burden of] public honour be included in the *list* of *kushyaa*? He will not. So, he will not achieve attainments either. The public honour is related to the outside world as well as the Brahmin world. Is the world of Brahmins, is the present world of the Brahmins going to turn into ashes or will it survive? That is also going to turn into ashes. How many will survive? Only eight will survive. So, it should come to your intellect that will the eight praise you or will they defame you? If we perform such actions that the eight praise us, then we will become the master of the new world.

नहीं तो ये सारी पुरानी दुनिया जो ब्राह्मणों की देखने में आ रही है सब भस्म होने वाले हैं। भस्म होने वाली दुनिया की लोक लाज रखनी है या जो आने वाली 8 की नई दुनिया सामने खड़ी है, बुद्धि में भी आती है बात उसकी लोक लाज रखनी है? नई दुनिया की लोक लाज रखनी है भले छोटी दुनिया होगी। तो कुश्या बनना अच्छा है या बुरा है? जितनी ज्यादा कुश्या बनेंगे, जितना ज्यादा कोसेंगे लोग हमको गालियां देंगे, उतना हम कलंकीधर के बच्चे कलंकीधर डबल सिरताज बनेंगे। चिन्ता नहीं करनी चाहिए कि लोग क्या कहेंगे। लोग तो सब, ये लोक ही भस्म हाने वाला है। भस्म होने वाले लोक की दुनियां में हम क्यों चिन्ता करें? जो दुनिया सामने खड़ी है उसकी लाक लाज का ध्यान रखें, वो ईश्वरीय दुनिया है। ईश्वरीय रचना है उसको महत्व दें।

Otherwise, this entire old world of Brahmins which is visible is going to be burnt to ashes. Should we care for the public honour (*lok-laaj*) of the world that is going to turn into ashes or should we care about the public honour of the forthcoming new world of eight that is in front of us, [about which] it comes in the intellect as well? We should care about the public honour of the new world, although it will be a small world. So, is it good to become *kushyaa* or is it bad? The bigger the *kushyaa* we become, the more the people insult us, the more we children of Kalankidhar (the one who bears accusations) will become kalankidhar, double crowned ones. We should not worry about what people will say. All these people, this world itself is going to be burnt to ashes. Why should we worry about the world that is going to be burnt to ashes? The world that is standing in front of us we should care for its public honour. That is God's world. That is God's creation. We should give importance it.

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info

समय: 01.06.31-01.08.55

बाबा:- अगला प्रश्न आया है- जो ज्ञान में चलते-चलते शरीर छोड़ देते हैं, मर जाते हैं, उनकी शूटिंग क्या होती है? ज्ञान में चलते-चलते शरीर छोड़ते हैं तो अज्ञानियों के घर में जन्म लेंगे या ज्ञानियों के घर में जन्म लेंगे? अज्ञानियों के यहाँ जन्म लेंगे। जब तक दुबारा जन्म लेकरके ज्ञान न लें तब तक प्रजा वर्ग में रहेंगे या राजाई परिवार की शूटिंग होगी? प्रजा वर्ग में चले जावेंगे। ये शूटिंग होती रहेगी।

Time: 01.06.31-01.08.55
Baba: Another question has been asked: What is the *shooting* of those who leave their body, die while following the knowledge? If someone leaves his body while following the path of knowledge, will he be born in the house of ignorant people or will he be born in the house of knowledgeable people? They will be born in the house of ignorant people. Until they are reborn and obtain the knowledge, will they be included in the subjects' category or will they perform the *shooting* of the royal family? They will go to the subjects' category. This *shooting* will continue.

एक तो हुआ हद का मरना, एक होता है... (किसी ने कहा- बेहद का मरना।) बेहद का मरना क्या होता है? अनिश्चय बुद्धि बन जाते हैं, ज्ञान छोड़ देते हैं। उनकी क्या शूटिंग होगी? (कोई ने कहा- चाण्डाल बनेंगे।) हाँ चाण्डाल भी प्रजा वर्ग है। चाण्डाल वो बनते हैं जो सरेण्डर हो जाते हैं और सरेण्डर हाने के बाद दुष्कर्म करते हैं श्रीमत के बरखिलाफ और ज्ञान से टूट पड़ते हैं, बाप में अनिश्चय बुद्धि हो जाते हैं और जो कुछ दिया है वो सब वापस कर लेते हैं। तन भी वापस, धन भी वापस, मन भी वापस, तो प्रजा तो बनते हैं लेकिन कौन सी प्रजा बनते हैं? चाण्डाल। फोर्थ क्लास प्रजा बनते हैं। शूटिंग उनकी भी होती है। क्या? चाहे हद की मौत मरें और चाहे बेहद की मौत मरें। इसलिए कोई भी मौत मरना अच्छा नहीं है चाहे 80 साल, 90 साल की बुढ़ढ़ा-बुढ़िया हो, एडवांस में चल रहा हो, तो भी क्या इच्छा करनी चाहिए? जिन्दा बने रहे, बाबा को याद करता रहे। ओम् शान्ति।

One thing is dying in the limited and the other is… (Someone said: Dying in the unlimited.) What is meant by dying in the unlimited? When someone becomes the one with a doubting intellect and leaves the knowledge, what *shooting* does he perform? (Someone said: They will become *caandaal*[15].) Yes, *chaandaal* are also included in the subjects' category. Those who *surrender* and perform wicked actions against the shrimat and break away from the knowledge , have a doubting intellect towards the Father and take back whatever they have given, they take back the body, the wealth as well as the mind, so they do become *prajaa* (subjects), but what kind of *prajaa* do they become? *Caandaal*. They become *fourth class prajaa*. Their *shooting* also takes place. What? Whether they die a limited death or an unlimited death. This is why it is not good to die in any manner. Even if someone is an aged person of 80, 90 years, and is following the *advance* knowledge, what should he desire? He should remain alive and keep remembering Baba. Om Shanti.

[15] Those who cremate corpses

Email id: a1spiritual1@gmail.com
Website: www.pbks.info